एक साल से सलाखों से दूर खनिज तस्कर, न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं ठगी के शिकार

# खाकी की सुस्ती या माफिया से दोस्ती?

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर (मुकेश बागड़े)

क्षेत्र की भिलापार भूड़कुम क्षेत्र में अवैध उत्खनन के जरिए सरकार को करोड़ों की चपत लगाने वाला मुख्य आरोपी सत्यवत सतपथी 365 दिन से अधीक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। खनिज विभाग की नाक के नीचे तीन साल तक बेखौफ अवैध माइंस चलाने वाले इस माफिया को पकड़ने में पुलिस की नाकामी अब चर्चा का विषय बन गई है। आलम यह है कि ठगी के शिकार स्थानीय ग्रामीण न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन आरोपी का सुराग तक नहीं मिल पाया है।

बात जब जनहित की हो और पुलिस मस्तैदी से अपनी कार्यवाही को अंजाम न दे तो इसे खाकी की सुस्ती कहे या माफियाओं के साथ दोस्ती... तो यह सवाल संतरांचल के गलियारों में गूंजेगा ही। विभाग अगर चाहे तो माफिया गिरफ्त में आ सकता है और ग्रामीणों को न्याय मिल सकता है। परंतु पुलिस की लापरवाही माफियाओं को संरक्षण देने में लगी है और यह स्थिति शर्मनाक है। प्रदेश के मुखिया मोहन यादव की कोशिशों पर पानी फेरती पुलिस अब फिर सवालों के घेरे में है।



### पुलिस की भूमिका संदिग्धः 'गुर्गों' की सक्रियता से सवाल

क्षेत्र में चर्चा है कि खनिज माफिया के गुर्गे आज भी सक्रिय हैं और उन्हें अक्सर पुलिस अधिकारियों के आसपास देखा जाता है। गिरफ्तारी से बचने के लिए प्रशासनिक रसूख का इस्तेमाल किया जा रहा है। जबकि चोरी के मामले में स्थानीय कोर्ट ने उसकी अग्रिम जमानत याचिका पहले ही खारिज कर दी है तथा हाईकोर्ट में लंबित है। बहरहाल पीड़ितों ने सीधे तौर पर पांढुरना पुलिस की मंशा पर सवाल उठाये जा रहे है। आखिर खनिज विभाग और स्थानीय प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर तीन साल तक अवैध उत्खनन कैसे चलता रहा? एक साल से ज्यादा समय होने के बावजूद पुलिस के हाथों से आरोपी दूर क्यों है।फिलहाल पीड़ित लोगों का कहना है कि जल्द ही सत्यव्रत सतपथी की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो वे पुलिस के उच्चाधिकारियों के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### खनिज विभाग की रिपोर्ट पर हुआ था मामला दर्ज

पूरा मामला घोटी पंचायत के भूड़कुम के अलावा भिलापार क्षेत्र से जुड़ा है,जहाँ खनिज माफिया ने बिना किसी वैध अनुमति के मैंगनीज की खदान संचालित की थी। खनिज विभाग की जांच रिपोर्ट के बाद लोधीखेड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी और अवैध उत्खनन की धाराओं के तहत मामला कायम किया था। रिपोर्ट के अनुसार, सतपथी ने न केवल खनिज संपदा की चोरी की, बल्कि सरकार को मिलने वाले करोड़ों रुपयों के राजस्व की हेराफेरी भी की।

### लोगों से लाखों की ठगी, पुलिस की चुप्पी से आक्रोश

अवैध माइंस संचालन के दौरान आरोपी ने स्थानीय भोले-भाले ग्रामीणों को भी अपना शिकार बनाया। क्षेत्र के कई लोगों ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है कि सतपथी ने उनके साथ लाखों रुपयों की धोखाधड़ी की है। ठगी के शिकार पीड़ितों का कहना है कि पुलिस केवल आश्वासन दे रही है, जबकि आरोपी खुलेआम पुलिस को ठेंगा दिखा रहा है। बताया गया कि अवैध माइंस संचालन के दौरान भाड़े पर लगाए डंपर, पोकलेन, ट्रैकर पेट्रोल पंप संचालक अन्य कई लोगों से भी इस आड़ में ठगी की है।

### इनका कहना है

पुलिस के द्वारा लगातार लोकेशन के अनुसार आरोपी के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. हाल ही में झाबुआ में भी छापेमारी की गई है, आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस के द्वारा लगातार टीम में बनाकर अन्य राज्यों में भी सर्चिंग की जा रही है पुलिस के द्वारा आरोपी को पकड़ने वालों को इनाम की भी घोषणा की गई है।

**ए.बी. मर्सकोले**, प्रभारी लोधीखेड़ा

रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

## जिला अस्पताल परिसर में गंदगी फैलाने वालों पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा की रोगी कल्याण समिति अंतर्गत कार्यकारिणी समिति की बैठक आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कार्यकारिणी समिति के सचिव एवं सिविल सर्जन डॉ. सुशील कुमार दुबे सहित आजीवन सदस्य श्री चंदू कुमार जैन, सीएमएचओ डॉ. नरेश गोन्नाड़े, आरकेएस नोडल अधिकारी डॉ. उदय पराड़कर, आरएमओ डॉ. हर्षवर्धन कुड़ापे, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रवि टांडेकर, डॉ. दीपी महाजन, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री ब्रिजेश शिवहरे, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्री आकाश खरे तथा नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय उपस्थित रहे।

बैठक में चर्चा उपरांत मरीजों के हित में विभिन्न प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। जिसके अनुसार जिला चिकित्सालय में मरीजों के उपचार के लिए रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति हेतु राज्य स्तर पर अर्द्धशासकीय पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। साथ ही अस्पताल परिसर में स्वच्छता बनाए रखने हेतु गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाए जाने का निर्णय लिया गया। जिला चिकित्सालय की एम्बुलेंस का निजी कार्य में उपयोग किए जाने पर 4,000 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है तथा विशेष आवश्यकता वाली संस्थाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। रोगी कल्याण समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत छिंदवाड़ा को सदस्य के रूप में नामांकित किया गया।

कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को जिला चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त स्थलों के सुधार के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत संचालित दुकानों के किराये में वृद्धि को लेकर चर्चा की गई।

## किरार समाज के अध्यक्ष बने राजकुमार पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा



अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री रघुवीर मोहने ने बताया कि कल 28 दिसंबर 2025 को चांद क्षेत्र के गोदड़देव मंदिर प्रांगण,नीलकंठीकला में किरार महासभा की चुनाव प्रक्रिया हेतु जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें समाज द्वारा प्रस्ताव से निर्मित चुनाव समिति द्वारा किरार महासभा के जिला अध्यक्ष हेतु चयन प्रक्रिया संपन्न करवाई गई ।

निर्वाचन प्रक्रिया में कुल 12 उम्मीदवारों ने जिला अध्यक्ष पद हेतु नामांकन किया जिसमें दस्तावेज पूरे ना होने के कारण 01 फॉर्म निरस्त किया गया, एवं 01 उम्मीदवार ने नाम वापस लिया। शेष 10 उम्मीदवारों ने अध्यक्ष चयन प्रक्रिया में भाग लिया। निर्वाचन समिति के 18 सदस्यों द्वारा सामाजिक लोगों की जन भावना अनुसार सर्वसम्मति से जटामा निवासी श्री राजकुमार पटेल को किरार महासभा का जिला अध्यक्ष बनाया गया। उक्त निर्णय की सभी उपस्थित सामाजिक बंधुओ ने सराहना की एवं फूल मालाओं से नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल का स्वागत किया । चुनाव प्रक्रिया हेतु समाज द्वारा निर्मित चयन समिति में 18 सामाजिक वरिष्ठगण शामिल थे जिसमें प्रीतम पटेल, भुवन पटेल,लक्ष्मण पटेल,अषाड़ू पटेल,बलराम पटेल,सुखपाल पटेल,रघुवीर मोहने,शिवकुमार चौरिया, कैलाश मेहदोले,रामसिंग मोहनी बाबा,खेमकरण पटेल गेंदसिंह उर्फ करिया पटेल, प्रीतम चौरिया,योगेश पटेल, इंदर पटेल,संतोष पाटस्कर, कमूंद पाटस्कर,जगदीश सोलंकी थे ।समस्त निर्वाचन प्रक्रिया बैठक का सफलतापूर्वक संचालन किरार महासभा के पूर्व अध्यक्ष श्री रघुवीर मोहने जी द्वारा किया गया।अंत में किरार महासभा के युवा जिला अध्यक्ष भीमसिंह चौरे द्वारा उपस्थित सामाजिक बंधुओ का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में मुख्य रूप से लखन पटेल,रघुवीर पटेल,सत्यनारायण चौरिया,श्रीचंद चौरिया,चैतराम अमृते,बालस्वरूप चौरे,गुलाब पटेल,नितेश पटेल,दयाराम चौरिया,दिलीप बरपेटे,बब्लू चौरिया, सुंदरलाल चौरिया,हरीशचंद्र बजोलिया,चंदू बम्होरे,दिनेश पटेल,मनोज चौरिया,रामभगत चौरिया,योगेश सोलंकी,गोविंद पटेल,नरेंद्र पटेल,धनकुमार पटेल,रामसिंह पटेल,पूनाराम चौरिया,मनेश सोलंकी,महेश गढ़ेवाल,मनोज वानखेड़े,शिवराम वर्मा,पृथ्वीपाल चौरिया,हरीश पटेल,सतीश चौरे,अमरीश सोलंकी,चिंटु चौरे,नेपाल पटेल, कमलनाथ पटेल,गेंदसिंग वानखेड़े,पवन पटेल,सुशील पटेल,बलवान चौरिया सहित सैकड़ो सामाजिक बंधु उपस्थित थे।



## विधायक व पूर्व विधायक ने बच्चों का किया उत्साहवर्धन

**चौरई।** सोमवार को चौरई नगर स्थित रेडियंट स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि विधायक चौधरी सुजीत सिंह एवं कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा पूर्व विधायक पं रमेश दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया ।इस मौके पर विधायक चौधरी सुजीत सिंह द्वारा रेडियंट स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ आज के समय की आवश्यकता अनुसार विद्यालय में चल रही बौद्धिक, शारीरिक व खेल की गतिविधियों को सराहा व बच्चों का उत्साह वर्धन कर उन्हें उज्जवल की शुभकामनाएं दी! पूर्व विधायक श्री दुबे ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पढ़ाई केसाथ-साथ खेल बच्चों के जीवन में संतुलन और आत्मविश्वास लाते हैं खेलों से न केवल शरीर मजबूत होता है बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित होती है जो उज्ज्वल भविष्य की नींव है । स्कूल संचालक विकास जैन ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया । कार्यक्रम में सुरेश शर्मा, वेदप्रकाश चौरसिया, ईश्वर सिंह चौधरी, धीरज खंडेलवाल, समेत शिक्षक,अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे ।

## महापौर विक्रम आहके ने किया दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

स्व. अविनाश उपासनी नैतिक शिक्षा उपक्रम के अंतर्गत तरूणाई निःशुल्क वाचनालय के तत्वावधान में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी की शुरुआत सोमवार को नगर के स्थानीय पेंशनर भवन परिसर में हुई। प्रदर्शनी में हिन्दी साहित्य, विवेकानंद सहित्य, बाल साहित्य, विज्ञान, पर्यावरण,उपन्यास, इतिहास, विज्ञान, दर्शन और बाल साहित्य सहित दो हजार से अधिक पुस्तकों को निःशुल्क अध्ययन हेतु उपलब्ध कराया गया है। पुस्तक प्रेमियों को न सिर्फ पढ़ने का अवसर मिलेगा, बल्कि पुस्तकालय की संस्कृति से पुनः जुड़ने का मौका भी मिलेगा।प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर निगम छिंदवाडा महापौर विक्रम अहके के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन न सिर्फ पुस्तकों के प्रति प्रेम जगाते हैंए बल्कि युवाओं में ज्ञान और संस्कारों की ज्योति भी प्रज्वलित करते हैं।

## आरडी शाला में शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा

**पांढुर्ना।** नगर की 75 साल पुरानी शैक्षणिक संस्था मॉडर्न एजुकेशन सोसायटी के नवीन अध्यक्ष का आज स्वागत समारोह संपन्न हुआ। गौरतलब है कि स्थानीय मॉडर्न एजुकेश सोसायटी की स्थापना 75 बरस पूर्व हुई थी जिसमें कुछ दिन पहले हिरालाल पराडकर को समिति ने आमसहमति से अध्यक्ष मनोनीत किया। आज यहां आर.डी. हाइस्कूल में समिति के पदाधिकारी एवं शालेय शिक्षकगणों ने नए अध्यक्ष का माला पहनाकर एवं गुलदस्ते से स्वागत किया। इस अवसर हिरालाल पराडकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा काम प्रबंधन का है लेकिन शाला की तरक्की और बच्चों के उत्कृष्ट शालेय परिणाम का श्रेय शाला के शिक्षकों के परिश्रम और लगन दिया जाता है। नए अध्यक्षने स्टाफ से अपील की वे बच्चों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दे ताकि शाला का रिजल्ट और अच्छा हो पाए। श्री पराडकर ने समिति के सदस्यों के मार्गदर्शन और सहयोग के बिना संस्था को अच्छे से चलाना कठिन बताया। संस्था के सचिव गोविंद अग्रवाल ने नए अध्यक्ष को समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा हमेशा सहयोग और समर्थन का आश्वासन दिया। इसके बाद अध्यक्ष श्री पराडकर, सचिव श्री अग्रवाल और सहसचिव श्रीकांत धर्माधिकारी ने स्टाफ के शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की।



## पेंशनर्स संघ ने दिया ज्ञापन, मांगा समस्याओं से निदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

आज 29 दिसंबर को वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स असोसिएशन की जिला शाखा के नेतृत्व में अनेक सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने एसडीएम अलका एक्का को मुख्य सचिव मध्यप्रदेश के नाम ज्ञापन सांपा। ज्ञापन में संघ ने कर्मचारी हितों से जुडे 14 बिंदुओं का उल्लेख कर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। ज्ञापन में पेंशनरों के डीए/डीआरए आदि के लिए प्रकरणों को छत्तीसगढ भेजकर लंबित रखना, छठे वेतनमान का 32 माह और सातवे वेतनमान का 27 माह के बकाया एरियर को प्रदान करने, 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता म.प्र. राज्य कर्मचारियों को अंतर एरियर्स सहित दिया जाए, मध्यप्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को केंद्र की तिथि के तर्ज पर महंगाई भत्ता लागू किया जाए, दवाईयों का वितरण पूर्व की भांति निशुल्क रूप से किया जाए, 10 लाख रू तक आयुष्मान योजना के तहत इलाज की सुविधा दी जाए, आय कर से छूट दी जाने, सेवानिवृत्त शिक्षकों को 300 दिनों का अर्जित अवकाश का नगदीकरण किया जाए, 30 जून एवं 31 दिसंबर को रिटायर होनेवाले कर्मचारी को 1 वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाए, 65 से 70 वर्ष आयु पर्यंत 5 प्रतिशत पेंशन वृद्धि दी जाए, 80 वर्ष की आयु पूरी करनेवाले पेंशनरों को 20 प्रतिशत वृद्धि लागू की जाए।

## नॉट अटैंड सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर नोटिस जारी करें: कलेक्टर

कलेक्टर ने ली समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार और अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह सहित जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यालय के अलावा जिले के सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे।

### अटेंड नहीं करने पर नोटिस

कलेक्टर श्री नारायन ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए हाल ही में जारी मासिक ग्रेडिंग में 80 प्रतिशत से कम वेटेज स्कोर में रहे विभागों पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी केवल ए ग्रेड में ही नहीं बल्कि 80 से ऊपर वेटेज स्कोर लाने के लिए अभी से प्रयास करें।

### शासकीय कार्य में बाधा पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

कलेक्टर श्री नारायन ने ग्राम सिंगोड़ी में बंद जल जीवन मिशन के कार्यों की फॉलोअप जानकारी प्राप्त की। जिसमें बताया गया कि एसडीएम, तहसीलदार एवं जल निगम के डी.जी.एम द्वारा मौका स्थल पर पहुंचकर पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि शासकीय कार्य में बाधा पहुंचने वालों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। जल निगम का कार्य रोकने वालों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश भी एसडीएम अमरवाड़ा को दिए हैं।

### वायरल वीडियो पुराना, वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश

कलेक्टर श्री नारायन द्वारा छात्रावास में भोजन बनाते छात्राओं के वायरल वीडियो के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए रखा गया था। डीपीसी ने बताया कि वायरल वीडियो पुराना है, बिना पुष्टि के उसे वर्तमान का बताकर वायरल किया गया है। साथ ही छात्रावास में चूल्हे पर खाना नहीं बनाया जाता है। प्रकरण की जांच 5 सदस्यीय जांच समिति द्वारा भी कराई गई, जिसमें शिकायत निराधार पाई गई है।

### शीघ्र तैयार होगा जिले का विजन डॉक्यूमेंट

शासन के निर्देशानुसार जिले के समग्र विकास के लिए जिले का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाना है। जिले का विजन डॉक्यूमेंट शीघ्र तैयार करने के निर्देश कलेक्टर श्री नारायन ने सभी एसडीएम और जिला योजना अधिकारी को दिए हैं। जिले का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए विधानसभावार जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर क्षेत्र के समग्र विकास को समाहित करते हुए विजन डॉक्यूमेंट बनाने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया है। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत को सभी एसडीएम से समन्वय करने और आवश्यक मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए हैं।

## पार्श्वनाथ जिनालय में लगी जैन सिद्धांतों पर आधारित प्रदर्शनी

मॉडल सहित चित्रों ने बताया जैन दर्शन का महत्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

धर्म नगरी छिंदवाड़ा के नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में चल रहे आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के पांचवें दिवस सकल जैन समाज के साथ मुमुक्षु मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन ने भक्ति भाव सिद्ध परमेष्ठी भगवन्तों की आराधना की।इस अवसर वीतराग विज्ञान पाठशाला द्वारा जैन दर्शन के मुख्य सिद्धांतों पर सुंदर प्रदर्शन लगाई गई जिसमें विविध मॉडलों सहित चित्रों ने जैन दर्शन का महत्व बताया।सुंदर प्रदर्शनी का शुभारंभ अतिथि विद्वान जिनेन्द्र शास्त्री एवं दिव्यांश शास्त्री जयपुर के साथ फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन, मंडल मंत्री अशोक वैभव, डॉक्टर विवेक जैन, विमल कुमार जैन बरेला, अखिलेश कुमार जैन मनेंद्रगढ़, सुबोध कुमार सुधीर कुमार जैन सहित समस्त भैयाजी परिवार द्वारा किया गया। जिसका लाभ सकल जैन समाज ने लिया। आपको बता दें कि यह प्रदर्शनी नूतन वर्ष 1 जनवरी 2026 तक श्री पार्श्वनाथ जिनालय में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की पूर्णता तक लगी रहेगी।

## शासकीय बालक माध्यमिक शाला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**सिंगोड़ीः** जन शिक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगोड़ी के शासकीय बालक माध्यमिक शाला सिंगोड़ी में जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ वरिष्ठ शिक्षक वी.पी.वर्मा एवं श्रीमती चंपा नवरेती जनशिक्षक जयकुमार डेहरिया की उपस्थिति में रिबन काटकर एवं सरस्वती पूजन के साथ हुआ।प्रदर्शनी में केन्द्र की 11 शालाओं के 66 विद्यार्थियों ने विज्ञान से जुड़े विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। चयनित मॉडलों को आगामी दिनों में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था।मॉडल के साथ साथ छात्रों ने विचार गोष्टी में "प्लास्टिक प्रदूषण कम करना" विषय पर भी खुलकर अपने विचार रखे वही पर्यावरण एकल गीत में छात्रों ने एक से बढ़कर एक गीत की प्रस्तुति दी। सामाजिक एवं आर्थिक स्तर पर एक लघुनाटिका भी छात्रों ने की।इस अवसर पर जनशिक्षक जयकुमार डेहरिया, संदीप सराठे, शिक्षक वी.पी.वर्मा,चंपा नवरेती, राजेन्द्र कंच,भावना मटकर, देवेंद्र बांगरे सहित समस्त 11 माध्यमिक शालाओं के शिक्षक शिक्षका उपस्थित रहे।



मिट्टी के ढेर टकराकर करीब 15 फीट उछली थी बाइक

## एक मौत के बाद थोड़ी नींद से जागा विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया (साजिद खान)



अक्सर देखने में आता है , कि कोई घटना , दुर्घटना घटित होने के बाद ही शासन - प्रशासन जगता है और घटना , दुर्घटना की पुनरावृत्ती न हो इसके लिए फिर वही करता है जो उसे पहले करना चाहिए था । ऐसा ही एक दुर्घटना में युवक की मौत के बाद हुआ । युवक बाइक सहित मिट्टी के ढेर से टकराकर करीब 15 फिट उछला और पुलिया निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे में जा गिरा । जिसकी मौत के बाद पी डब्ल्यू डी विभाग थोड़ा सा जागा ।गौरतलब है , कि 27 दिसंबर शनिवार शाम करीब 7:30 बजे अपने पिता को लाने बाइक से मुआरी खदान जा रहे न्यूटन नंबर 13 वार्ड 14 निवासी 21 वर्षीय उवैश की बाइक सहित गड्ढे में गिरने से मौत हो गई थी । बता दें कि खिरसाडोह - उमरेठ रोड पर खमरा जेठू ग्राम पंचायत के अंतर्गत पथरई नदी पर स्तिथ पुलिया का निर्माण हो रहा है , जिसके लिए मुख्य मार्ग पर बड़ा गड्ढा खोदा गया है । आने - जाने के लिए कच्चा परिवर्तित मार्ग बनाया गया है , लेकिन उचित संकेतक नहीं होने से लोगों को रात में आवागमन में परेशानी हो रही है । शनिवार को हुई दुर्घटना के बाद विभाग द्वारा निर्माण स्थल से कुछ दूरी पर खानापूर्ति के लिए ब्रेकर बनाएं गए हैं । गड्ढे के पास मिट्टी का ढेर खड़ा किया गया और सफेद पट्टीयां लगाई गई है , जो ना काफी है ।(घटना के समय मौजूद कुछ स्थानीय लोगों के बताये अनुसार) - फोटो में जो लाल लाइन दिख रही है , उसी दिशा से युवक बाइक लेकर गुजरा और आगे मौजूद मिट्टी के ढेर से टकराया और वह बाइक सहित लगभग 15 फिट उछला और गड्ढे में जा गिरा ।

### इनका कहना है

सम्बंधित ठेकेदार को नोटिस दिया गया है। निर्माण स्थल के आसपास रात में दिख सके ऐसे संकेतक लगाए जा रहे हैं । मार्ग परिवर्तन सम्बंधित बोर्ड और एरो भी लगाए जाएंगे ।

**आकाश खरे**
(एग्जीक्यूटिव इंजीनियर)
लोक निर्माण विभाग

## कार्यवाही को लेकर युवाओं ने किया थाने के सामने प्रदर्शन

# डॉ अंबेडकर पर टिप्पणी पर भड़का बौद्ध समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



सौसर के युवक के द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक पर संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी पर आक्रोशित दर्जनों युवाओं ने सौसर थाने पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन नारेबाजी कर दोषी युवक पर कार्रवाई करने की मांग की है। मामले को लेकर सौसर पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार सौसर निवासी नितिन वाडेकर के द्वारा फेसबुक पर संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आम्बेडकरजी को ब्रिटिशो का एजेंट बताते हुए उनकी प्रतिमा को जलाने का छायाचित्र को शेयर किया था, इसके बाद में डॉ बाबा साहेब अंबेडकर नवयुवक मंडल सौसर के युवाओं के द्वारा पुलिस थाना परिसर में पहुंचकर नारेबाजी करते हुए युवक पर कार्रवाही कि माग की,पुलिस थाना एस.आई प्रहलाद बैरागी को सोपे ज्ञापन में युवाओं ने बताया कीडॉ बाबासाहेब अंबेडकर ने देश के सभी दिन दुखी, शोषित, पीड़ित, वंचित लोगों को मांन और सम्मान के साथ में जीवन जीने का अधिकार दिलाया है,ऐसे डॉ बाबा साहब आम्बेडकर जी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां,अंबेडकरी जनता बौध्द अनुयायी बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। युवक के द्वारा संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के टिप्पणी वाली पोस्ट को फेसबुक पर शेयर करने के बाद संपूर्ण क्षेत्र जिले का बौद्ध अम्बेडकरी समाज की भावनाएं मन आहत हुई है। ऐसी गलत टिप्पणियों से समाज सौसर क्षेत्र में तनाव विवाद उत्पन्न हो सकता है,शांति व्यवस्था बरकरार रखने के उद्देश्य को लेकर समाज और शहर में अराजकता फैलाने वाले तत्वों पर कार्रवाही करने की मांग युवाओं के द्वारा की गई है, इस दौरान डॉ अशोक भगत, डॉ वाय एल ठवरे,दामोदर सहारे,पंकज शेंडे,उज्ज्वल घनश्याम सोमकुंवरशशांक पाटिल मुकेश बागड़े,चंदू संनेसरसावन पाटिल,कपिल कड़वे,रंजित दुपारे,हर्बल बागडे,ऋचीक बन्सोड,आकाश बंसोड़,प्रितम दुफारे,राकेश सनेसर, कमलाकर बसोड़,स्वप्निल दुफारे, गोलू कामले,सूरज

## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर हुई कार्यशाला संपन्न



**सौंसर।** स्थानीय भंसाली विद्या मंदिर में सीबीएसई द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं हेतु नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला का उद्देश्य नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से शिक्षक शिक्षिकाओं को अवगत कराना था।कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के दिलीप शेन्द्रे प्रमुख अतिथि के रूप में भंसाली स्कूल सचिव राजेंद्र मारबते आदि थे। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय प्राचार्य जहीर अहमद पटेल एवं वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा अतिथियों और सीबीएसई द्वारा नियुक्त रिसोर्स पर्सनस का स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजा एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात विद्यालय के संगीत शिक्षक सबील अहमद खान के निर्देशन में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। सीबीएसई द्वारा रशपाल सिंह भोमराह एवं मिस वसुधा वाडेकर को कार्यशाला के मुख्य रिसोर्स पर्सन नियुक्त किया गया था ।कार्यशाला में शिक्षक शिक्षिकाओं से परिसंवाद हुआ तथा सभी ने अपने विचार रखे। कार्यशाला में प्राचार्य जहीर अहमद पटेल के मार्गदर्शन मे श्रीमती संध्या शेंद्रे,श्रीमती मनीषा निखाड़े, श्रीमती दीपिका तीनखेड़े, राजेश मोरे का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मनीषा निखाड़े द्वारा किया गया।

## कांग्रेस कार्यालय में आज श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**सौंसर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौसर की ओर से आगामी 30 दिसंबर को दोपहर 12 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर मिली जानकारी के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय पुनाराम बाविस्टाले जी का 15 दिसंबर को स्वर्गवास हो गया है। उनकी पुण्य स्मृति में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौसर द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में कांग्रेस के अनुसांगिक संगठनों के सभी सदस्यों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

## विशाल भंडारे के साथ श्रीराम कथा का हुआ समापन



**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम रिछेड़ा में आयोजित संगीतमय श्री रामकथा का सोमवार को हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ भव्य समापन हुआ। कथा समापन अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। कथा व्यास पं. बिहारीलाल शास्त्री द्वारा रामकथा के माध्यम से मर्यादा, भक्ति एवं आदर्श जीवन के संदेश दिए गए। समापन दिवस पर हवन-पूजन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। आयोजन में क्षेत्र के ग्रामीणों सहित आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने सफल आयोजन के लिए सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## श्री खाटू श्याम भजन संध्या का हुआ आयोजन, देर रात्रि तक जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



नगर के वार्ड क्रमांक एक में बीती शुक्रवार को यादव परिवार द्वारा भविष्य यादव पिता किशोर यादव के जन्म दिवस के अवसर पर श्री खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध खाटू श्याम भजन गायिका प्रतिभा सोनारे छिंदवाड़ा, भूमि सरनेकर बैतूल एवं महेंद्र गौतम छिंदवाड़ा द्वारा खाटू श्याम के मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में भक्तगण बाबा खाटू श्याम के भजनों में झूमते थिरकते नजर आए। महेंद्र गौतम द्वारा गाए गए जीत हार हूं बाबा पर तुझ पर भरोसा है नजम कर तालियां बटोरी, प्रतिभा सोनारे द्वारा गाए गए गीत तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हुए। आयोजक किशोर यादव ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए ठंड से बचने हेतु गरम हीटर और कॉफी के साथ स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी श्रद्धालुओं ने देर रात्रि तक ठंड के बीच भजन संध्या का लाभ लिया। अंत में महा आरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ भजन संध्या का समापन किया गया।

## गुरुकुल के विद्यार्थियों को खेल मंत्री और सांसद ने किया पुरस्कृत



**छिंदवाड़ा।** श्री शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित सन्त श्री आशाराम जी गुरुकुल के विद्यार्थियों को सांसद खेल महोत्सव के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए म.प्र. सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग , सांसद विवेक बंटी साहू , जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव , नगर निगम के महापौर विक्रम आहाके , हर्रई अमरवाड़ा के विधायक कमलेश शाह , महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गरिमा दामोदर , जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण , जिला शिक्षा अधिकारी जी. एस. बघेल ने मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरुस्कृत किया । गत दिवस देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर देश के सभी जिलों में खेल महोत्सव का आयोजन किया गया । जिसमें पूरे देश में जिले का 7 वां नम्बर लगा । इस महोत्सव में जिले के 1 लाख 85 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया । कुल 39 प्रतियोगिता सम्पन्न हुईं। जिसमें से 16 प्रतियोगिता गुरुकुल के विधार्थियों ने जीतकर जिले में सभी का ध्यान आकृष्ट कराया । 45 विद्यार्थियों ने गोल्ड , 46 ने सिल्वर ,18 ने रजत इस प्रकार 109 मेडल जीतेंकर हैरतअंगेज कारनामा किया । जिला प्रशासन के आग्रह पर गुरुकुल में खो - खो प्रतियोगिता आयोजित की गई थीं । उसके लिए भी संस्था को प्रमाण पत्र दिया गया । पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों में केशव केसरी ( बिहार ) कक्षा 11 वी ने एथेलेटिक्स में 3 और बॉक्सिंग में 1 गोल्ड , पराग साहू कक्षा 9 ( छत्तीसगढ़ ) पूर्णेन्दु महतो कक्षा 12 वी ( उड़ीसा ) अनन्त साव ( झारखंड ) ने ताइक्वांडो में गोल्ड जीता , सत्यम कुमार कक्षा 7 वी ( बिहार ) ने कराटे में गोल्ड , आदित्य पटेल कक्षा 6 वीं ( छत्तीसगढ़ ) ने योगा में गोल्ड ,आनन्द कुमार कक्षा 7 वी ( पश्चिम बंगाल ) , रुद्र जयसवाल कक्षा 8 वी ( महाराष्ट्र ) , गणेश निषाद ( छत्तीसगढ़ ) , अनन्त साव ( झारखंड ) कक्षा 11 वी मोहित यदुवंशी ( सिवनी ) , अभी केसरवानी ( रीवा ) , विशाल कुमार ( बिहार ) , प्रकाश कुमार ( बिहार ) ने बॉक्सिंग में गोल्ड जीता अन्य खेल बास्केटबॉल , खो - खो आदि में गोल्ड मेडल जीता ।



## विज्ञान मेले का किया गया आयोजन

**जुन्नारदेव -:** शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनोतिया में संकुल स्तर पर विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल के समस्त स्कूलों के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक मॉडल बनाकर प्रस्तुत किया गया। जिसने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को अपनी और आकर्षित किया।छात्रों में इस विज्ञान मेले को लेकर काफी उत्साह देखा गया । इसमें मॉडल को प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों ने अपने भविष्य की योजना के बारे में भी बताया के वो कैसे अपने क्षेत्र का विकास करने की इच्छा रखते है। भविष्य में क्या बनना चाहते है। इस मेले के आयोजन मे संकुल के प्राचार्य समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

**खबर संक्षेप**

## आकाश टीम की कार्यकारिणी का विस्तार



**मण्डला।** दिनांक 28/12/2025 दिन रविवार ब्लॉक शाखा आकाश टीम नारायणगंज का बैठक जिला कार्यकारिणी के दिशा निर्देशानुसार जिला कार्यकारिणी अधिकारी कर्मचारी अनिल मरकाम जिला कार्यकारी अध्यक्ष, दिनेश खंडवाहे जिला महासचिव चंद्रशेखर धुर्वे जिला उपाध्यक्ष, दिलीप मरावी जिला मीडिया प्रभारी के उपस्थिति में ब्लॉक शाखा नारायणगंज आकाश टीम कार्यकारिणी का विस्तार एवं 14 कर्मचारियों के द्वारा आजीवन सदस्यता ग्रहण किया गया। कार्यवाही का विवरण ब्लॉक अध्यक्ष चैन सिंह मरावी (शिक्षक) उपाध्यक्ष विनय परतेती (राजस्व) काशी राम मार्को, कार्यकारी अध्यक्ष उजियार सिंह मसराम (शिक्षक) महासचिव महेंद्र मरावी शिक्षक राजेश मरावी पंचायत सचिव चंद्रकांत ठाकुर शिक्षक कोषाध्यक्ष हेमन्त मरावी शिक्षक (माध्यमिक शाला गढ़ार) सह कोषाध्यक्ष श्री नरबद सिंह मरावी जी CAC jsk मंगलगंज मीडिया प्रभारी देवी सिंह भारतीय, सचिव सुरेंद्र परस्ते कुसुम लाल उइके सुशील मरावी सत्येंद्र परते हेमन्त मरावी शिक्षक (प्राथमिक शाला चीरी) आकाश ब्लॉक शाखा नारायणगंज के उपरोक्त पदों पर नियुक्त कर पदभार सौपा गया उक्त बैठक में सभी कर्मचारी अजय मरावी गोपाल सिंह कुडापे, अंग्रेज उईके, मनीष उईके, सहपत सिंह मरावी, मंगरू सिंह गौठरिया CAC jsk माढोगढ़ की गरिमामय में उपस्थिति में बैठक संपन्न हुआ।


## जनप्रतिनिधियों की उदासीनता और प्रशासनिक चुप्पी ने उजागर की जमीनी हकीकत

# डेढ़ दशक बाद भी नहीं मिला नया स्कूल भवन

*** आंगनबाड़ी में पढ़ने को मजबूर प्राथमिक शाला के बच्चे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





जिले की जनपद पंचायत मण्डला अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरिया (बकौरी) के पोषक ग्राम कोसमडोंगरी में संचालित प्राथमिक शाला की स्थिति सरकारी शिक्षा व्यवस्था की बदहाली को उजागर कर रही है। यहां अध्ययनरत लगभग 24 गरीब आदिवासी बच्चे आज भी सुरक्षित विद्यालय भवन से वंचित हैं, जिससे उनके भविष्य पर लगातार खतरा बना हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्राथमिक शाला भवन का निर्माण वर्ष 1996 में हुआ था, जो 2011 से जर्जर अवस्था में है। बीते दो-तीन वर्षों में भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा इसमें स्कूल संचालन न करने के निर्देश जारी किए गए। इसके बावजूद बच्चों की पढ़ाई के लिए कोई वैकल्पिक भवन या अस्थायी व्यवस्था नहीं की गई।

### आंगनबाड़ी में चल रही प्राथमिक शाला

मजबूरी में स्कूल प्रबंधन एवं ग्रामवासियों ने प्राथमिक शाला को आंगनबाड़ी केंद्र में संचालित करना शुरू कर दिया है। यहां आंगनबाड़ी के नन्हे बच्चों के साथ कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। इससे न केवल शिक्षण गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### अभिभावक चिंतित, बच्चे स्कूल छोड़ने को मजबूर

अभिभावकों का कहना है कि आर्थिक तंगी के कारण वे अपने बच्चों को निजी स्कूलों में नहीं पढ़ा सकते। शासकीय स्कूल ही उनका एकमात्र सहारा है, लेकिन जब वही सुरक्षित नहीं है तो बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता स्वाभाविक है। कई ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर पढ़ाने की मजबूरी के चलते अपने बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर दिया है।

### 2011 से दी जा रही सूचना, फिर भी नहीं हुआ समाधान

स्कूल प्रबंधन ने बताया कि वर्ष 2011 से लगातार विभागीय अधिकारियों को भवन की जर्जर स्थिति से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन इतने वर्षों में नए भवन निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा भी स्कूल संचालन को लेकर आपत्ति जताई जा रही है, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। अब मजबूरी में स्कूल प्रबंधन झोपड़ी बनाकर कक्षाएं संचालित करने पर विचार कर रहा है।

### चुनावी वादों की पोल खोलता मामला

यह पूरा मामला शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा किए जाने वाले विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दावों की हकीकत उजागर करता है। चुनाव के समय ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं के समाधान के वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही गांवों की समस्याएं जैसी की तैसी बनी रहती हैं।

### सवालों के घेरे में जनप्रतिनिधि

अक्सर देखा जाता है कि जनप्रतिनिधि स्कूलों में कार्यक्रमों में उपस्थिति दर्ज कराकर औपचारिकता निभा लेते हैं, लेकिन वहां मौजूद समस्याओं और बच्चों की पीड़ा पर ध्यान नहीं देते। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करना कितना उचित है, यह एक बड़ा सवाल है।

अब आवश्यकता है कि शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधि जमीनी हकीकत को समझें और कोसमडोंगरी सहित ऐसे सभी गांवों में सुरक्षित एवं स्थायी विद्यालय भवन उपलब्ध कराएं, ताकि मासूम बच्चों को सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।







### *इनका कहना है -*

*विधानसभा सत्र के दौरान जर्जर स्कूल भवनों की सूची दी जा चुकी है किन्तु सरकार की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं की गयी।*

***चैन सिंह बरकडे***
***विधायक***
***विधानसभा क्षेत्र निवास, मण्डला***

## माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा की सामान्य सभा सम्पन्न



*** जनवरी 2026 में अध्यक्ष चयन का निर्णय।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

माहिष्मती सर्व ब्राह्मण सभा, मंडला की सामान्य सभा की बैठक रविवार, 28 दिसंबर 2025 को भगवान परशुराम मंदिर परिसर में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में अध्यक्ष पद के निर्वाचन में उत्पन्न गतिरोध पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित समस्त विप्रजनों के विचार एवं उद्बोधन के पश्चात यह निर्णय लिया गया कि नववर्ष जनवरी 2026 में शीघ्र एक बैठक आयोजित कर आम सहमति से सभा के अध्यक्ष का चयन किया जाएगा।

इसके साथ ही आगामी बसंत पंचमी पर्व के भव्य एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु एक आयोजन समिति के गठन का निर्णय लिया गया, जिससे कार्यक्रम गरिमामय रूप से सम्पन्न हो सके।

बैठक में ब्राह्मण समाज मंगल भवन निर्माण विषय पर भी चर्चा हुई। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि मंगल भवन के भूमिपूजन का कार्यक्रम नववर्ष में शुभ मुहूर्त में शीघ्र आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष आकाश दीक्षित द्वारा 51,000/- की सहयोग राशि की घोषणा की गई। वहीं पं. प्रवीर तिवारी एवं पं. शैल दुबे द्वारा 11,000-11,000 तथा पं. चारुदत्त शुक्ला जी द्वारा 5,100 की सहयोग राशि घोषित की गई, जिसका उपस्थितजनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

बैठक में उपस्थित समस्त विप्र बंधुओं ने समाजहित में अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए सकारात्मक सुझाव दिए।

सभा में आकाश दीक्षित (अध्यक्ष), अरविंद शुक्ला, भीष्म द्विवेदी, राकेश तिवारी, सुभाष पांडेय, अमित शुक्ला, शैल दुबे, प्रमोद पाण्डेय, प्रदीप तिवारी, संजय दुबे, दिग्विजय झा, सुमंत उपाध्याय, प्रवीर तिवारी, श्याम दुबे, राजा शुक्ला, राजन तिवारी, प्रशांत बाजपेई, आनंद ज्योतिषी, अवनीश तिवारी सहित अन्य विप्रजन उपस्थित रहे। बैठक का सफल संचालन सुधीर उपाध्याय द्वारा किया गया।

## स्कूल के सामने टपरा हटाने दिया गया आवेदन

**निवास।** नगर की गज्जूदेवरी वार्ड 03 के निवासी बीते तीन माहों से माध्यमिक शाला के रास्ते पर अवैध जमे टपरे को हटवाने स्थानीय प्रशासन से लगातार आवेदन निवेदन कर ज्ञापन तक दे चुके हैं, लेकिन न तो प्रशासन ध्यान दे रहा न ही नगर परिषद के अधिकारी जिससे आवेदक त्रस्त हो चले हैं, आज फिर दर्जनों से ज्यादा पुरूष और महिलाओं ने निवास थाना, लोक निर्माण, और नगर परिषद को आवेदन देकर एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई की मांग की है, अन्यथा रोड़ जाम कर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। ज्ञात हो कि उक्त समस्या के निराकरण में हो रही देरी से नाराज ग्रामीणों द्वारा सी एम हेल्फ़ लाइन में भी शिकायत की जा चुकी है पर कार्रवाई नहीं कि जा रही है। शिकायत कर्ताओं का कहना है कि उक्त टपरा स्कूल के नजदीक है जो कानून के खिलाफ है, वहाँ यहाँ बैठने वालों की मोटरसाइकिल खड़ी होने और जबलपुर मुख्य मार्ग होने से वाहनों की आवाजाही के बीच छोटे छात्रों को रोड़पार करने में दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है लेकिन स्थानीय प्रशासन हमारे बच्चों से संबंधित समस्या को हल करने में बड़ी लापरवाही कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### सरपंच दिनेश कोरेती खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव हुआ खारिज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** - धनौरा जनपद पंचायत मुख्यालय की ग्राम पंचायत धनोरा के उपसरपंच अतुल जैन ओर कुछ वार्ड पंचों के द्वारा धनोरा सरपंच दिनेश कोरेती के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने हेतु एस डी एम घंसौर के समक्ष आवेदन दिया गया था, जिसके पश्चात एस डी एम घंसौर के द्वारा चुनावी प्रकिया के तहत धनोरा तहसीलदार को नोडल अधिकारी बनाया गया एवं विगत 26/12/2025 को चुनावी प्रकिया पूर्ण को गई जिसमें निर्धारित प्रक्रिया के तहत समय पर उपसरपंच ओर पंचों की अनुपस्थिति के कारण अविश्वास प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया गया ओर धनोरा सरपंच दिनेश कोरेती अपने पद पर यथावत रहे।

पेंच टाइगर रिजर्व में नए साल के जश्न की तैयारियां जारी

# पेंच के सभी कोर गेट 5 जनवरी तक पूरी तरह से हुये बुक

**हालांकि पर्यटकों के पास बफर एरिया में बुकिंग का विकल्प मौजूद है। कोर में बुकिंग न मिलने पर कई पर्यटक अब बफर जोन में सफारी करने का मन बना रहे हैं। जानकारी के अनुसार, अधिकांश बुकिंग जमतरा और टुरिया गेट से कराई गई हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व में नए साल के जश्न की तैयारियां जारी हैं। 5 जनवरी तक कोर एरिया में जंगल सफारी की सभी टिकटें बिक चुकी हैं। पेंच के सभी कोर गेट पूरी तरह से बुक हो गए हैं, जिससे नए पर्यटकों को 6 जनवरी तक इंतजार करना होगा।

जमतरा गेट छिंदवाड़ा की ओर होने के कारण पर्यटकों के लिए सुविधाजनक है। वहीं, टुरिया गेट तक नागपुर, जबलपुर, सिवनी और बालाघाट से आसानी से पहुंचा जा सकता है। कर्माझिरी गेट तक पहुंचने के लिए कई गांवों से होकर गुजरना पड़ता है। 5 जनवरी तक अधिकांश होटल और रिसॉर्ट भी पूरी तरह से बुक हो चुके हैं, और पर्यटकों को अधिक दाम चुकाने पड़ रहे हैं।




नववर्ष पर 31 दिसंबर की पार्टियों के लिए होटल और रिसॉर्ट संचालकों ने आबकारी विभाग से शराब पिलाने के लाइसेंस (एफएलसी) के लिए आवेदन करना शुरू कर दिया है। पिछले साल एक दर्जन से अधिक रिसॉट्र्स ने ऐसे लाइसेंस प्राप्त किए थे। बड़ी संख्या में पर्यटक परिवार और दोस्तों के साथ नववर्ष का स्वागत करने पेंच राष्ट्रीय उद्यान पहुंचे हैं। कोर और बफर गेट से जंगल सफारी में पहुंचे पर्यटक प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीवों जैसे बाघ और तेंदुए का दीदार कर रहे हैं। कोर गेट हाउसफुल होने के कारण बफर जंगल में भी बड़ी संख्या में पर्यटक सफारी कर रहे हैं, जिससे पार्क प्रबंधन के राजस्व में वृद्धि हो रही है।

होटल रिसोर्ट को व्यापार बढने के साथ ही जिप्सी चालकों, गाइड व स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर मिल रहा है।

पेंच टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि जंगल सफारी के लिए वाहन 5 जनवरी तक बुक हो चुके हैं। नए वर्ष में प्राकृतिक वातावरण का आनंद लेने बडी संख्या में पर्यटक 5 जनवरी तक पेंच में रहेंगे।

# छेड़छाड़ के आरोपी को लखनवाड़ा पुलिस ने पहुंचाया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

लखनवाड़ा : नाबालिग बालक-बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों पर सख्ती के निर्देशों के तहत लखनवाडा पुलिस ने दुष्कर्म व छेड़छाड़ के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी बरघाट ललित गठरे के निर्देशन में की गई।

दिनांक 26 दिसंबर 2025 को पीड़िता अपने अभिभावक के साथ थाना लखनवाडा पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम पीपरडाही निवासी अंकित व विजय ने एक राय होकर उसके साथ बलात्कार किया, वहीं पीड़िता की बहन की लडक़ी के साथ छेड़छाड़ की गई।

मामले में थाना लखनवाडा में अपराध क्रमांक 594/25 धारा 64(1), 70(2), 137(2), 351(3), 76, 74, 3(5) बीएनएस, 5(द्द)/6, 7/8 पॉक्सो एक्ट एवं एससी/एसटी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक सी.के. सिरामे द्वारा सूचना मिलते ही विशेष टीमें गठित कर दबिश दी गई, जिसके परिणामस्वरूप चंद घंटों में दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी अंकित श्रीवास (20) व विजय लांजेवार (21) निवासी ग्राम पीपरडाही, थाना लखनवाडा, जिला सिवनी।

# अवैध मक्का का परिवहन करते पिकअप वाहन पकड़ाया

**उपमंडी बरघाट क्षेत्र में कृषि उपज के अवैध परिवहन पर मंडी प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की है। टोल टैक्स के समीप बिना वैध मंडी अनुज्ञा पत्र मक्का परिवहन करते एक पिकअप वाहन को पकड़कर दंडात्मक मंडी शुल्क वसूला गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी समिति बरघाट के सहायक उप निरीक्षक श्री नोवात सनोदिया द्वारा बरघाट रोड स्थित टोल टैक्स पर नियमित निरीक्षण किया जा रहा था। इसी



दौरान दिनांक 28 दिसंबर को वाहन क्रमांक एमपी 16 जीए 0878 (पिकअप), जो बरघाट से सिवनी की ओर मक्का लेकर जा रहा था, को जांच के लिए रोका गया। मौके पर चालक द्वारा मंडी अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका, जिस पर नियमानुसार पांच गुना दंडात्मक मंडी शुल्क की कार्रवाई की गई। इस प्रकरण में लगभग 5,135 (करीब 5 हजार रुपए) की राशि वसूल कर शासकीय खजाने में जमा कराई गई। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक नोवात सनोदिया की सराहनीय भूमिका रही।

मंडी प्रशासन ने सभी व्यापारियों एवं परिवहनकर्ताओं से अपील की है कि अधिसूचित कृषि उपज का परिवहन वैध मंडी अनुज्ञा पत्र एवं बिल के बिना न करें। नियमों के उल्लंघन पर आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

सूत्रों के अनुसार प्रतिदिन 10 से 15 छोटे वाहनों के माध्यम से अवैध परिवहन होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि कृषि उपज मंडी बरघाट क्षेत्र में पर्याप्त कार्रवाई न होने से मंडी राजस्व प्रभावित हो रहा है, जिससे कर्मचारियों के वेतन भुगतान में भी कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

# सर्द हवाओं से बुजुर्गों एवं बच्चों में बढ़ा स्वास्थ्य खतरा





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में शीतलहर का असर बना हुआ है। इसी बीच, आदेगांव थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव में शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था, मौत का कारण डॉक्टरों ने ठंड बताया है। जिले में न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री दर्ज किया गया है।

हालांकि शनिवार को तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं आई। अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, बादल छंटने के बाद शीतलहर और तेज होगी, जिससे पारा और नीचे गिरेगा तथा कड़ाके की ठंड का असर बढ़ेगा।

डॉक्टरों ने दिसंबर और जनवरी महीने में चलने वाली सर्द हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडने की आशंका जताई है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि शीतलहर का प्रभाव बुजुर्ग और पांच साल से छोटे बच्चों पर अधिक होता है।

डॉ. ठाकुर ने दिव्यांगजनों, बेघर व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों और खुले क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यापारियों को भी शीतलहर के मौसम में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

उन्होंने बंद कमरों में हीटर या फायरपॉट के उपयोग से होने वाले खतरों के प्रति आगाह किया और लोगों को ऐसे प्रयोगों से बचने, गर्म वस्त्रों का उपयोग करने और लंबे समय तक ठंड में रहने से बचने को कहा।

# एफएलएन मेला का द्वितीय चरण आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्रमांक 3482 दिनांक 11/07/2025 एवं पत्र क्रमांक 2967 दिनांक 26/12/2025 के अनुसार विगत सत्रों की भांति सत्र 2025-26 में जिले की प्रत्येकक शासकीय प्राथमिक शालाओं में एफएलएन मेले का आयोजन 3 चरणों में किया जाना है।

प्रथम चरण एफएलएन मेले का आयोजन दिनांक 30 अक्टूबर, 2025 को किया जा चुका है। द्वितीय चरण का आयोजन 30 दिसम्बेर, 2025 को जिले की 2029 शासकीय प्राथमिक शालाओं में किया जाना है। प्रत्येदक शाला में माता/अभिभावक समूह का गठन शाला स्त2र पर किया जाकर निर्देशानुसार निर्धारित मासिक गतिविधियां कराई जा रही है।

एफएलएन मेले में समस्तअ बच्चों अभिभावकों, माताओं, आंगनवाडी के बच्चो एवंआंगनवाडी कार्यकर्ता की सहभागिता रहेगी। एफएलएन मेले में बच्चों से मानसिक एवं शारीरिक विकास से संबंधित शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियां कराई जाकर रिपोर्ट कार्ड शिक्षकों के द्वारा भरे जायेगें। रिपोर्ट कार्ड के माध्यिम से प्रत्येकक बच्चे के अभिभावक माता को बच्चो की शैक्षिक उपलब्धि से अवगत कराया जायेगा। एफएलएन मेला द्वितीय चरण के सफल आयोजन हेतु समस्त छात्रों, अभिभावकों/ माताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं मॉनीटरिंग किये जाने हेतु समस्तह शिक्षकों, संस्थात प्रमुख, जनशिक्षकों, बीएसी, बीआरसीसीएवं एपीसी को आवश्यॉक दिशा निर्देश दिये गये है।

### सोपान जांच शिविर 31 जनवरी से 4 जनवरी तक आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सोपान जांच शिविर 31 जनवरी से 4 जनवरी तक सिवनी में आयोजित भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार तथा संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग के आदेश अनुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी शिव सिंह कुमरे के मार्गदर्शन में दिनांक 31 दिसंबर 2020 से 4 जनवरी 2026 तक सिवनी जिले के सेंट फ्रांसिस विद्यालय लुघरवाडा सिवनी में संभाग स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिला स्काउटर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस शिविर में सहभागिता करने वाले सभी स्काउट गाइड जिन्होंने द्वितीय सोपान सफलता पूर्ण कर लिया है। इस शिविर में शामिल होंगे इस शिविर में सफल होने के पश्चात जिले के यह स्काउट गाइड आगामी 6 माह के पश्चात राज्यपाल पुरस्कार हेतु पात्र होंगे उनके इस सफ़लता से विद्यालय के साथ जिला भी गौरवान्वित होगा इस हेतु सिवनी बरघाट के केवलारी विकासखंड के सभी शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों को जिला अधिकारी कार्यालय द्वारा पत्र के माध्यम से स्काउट गाइड को इस शिविर में अनिवार्य रुप से शामिल करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# महाराष्ट के चोर चढ़े कोतवाली पुलिस के हत्थे

कोतवाली पुलिस ने चोरी की 02 घटनाओं का खुलासा किया हैं। चोरी की घटनाओं में दिनांक 25/12/2025 को मोहम्मद अरशद निवासी गरीब नबाज मस्जिद के पास संजय वार्ड सिवनी द्वारा इसकी बुधवाजी बाजार ईदगाह मस्जिद के पास शंकर मढिया कॉम्पलेक्स दुकान न.13 में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोडक़र दुकान से लगभग 6000 रुपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 1019/2025 धारा 331(4), 305 (र) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इसी प्रकार दिनांक 25/12/2025 को शम्भू दयाल दीक्षित निवासी परतापुर रोड़ बायपास के पास सिवनी के द्वारा शंकर मढिया मंदिर का ताला तोडकर दानपेटी से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मंदिर से 3500/- रुपये चोरी एवं दीपक खाद बीज केन्द्र में भी शटर तोडने का प्रयास किया गया था कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 1018/2025 धारा 331(4), 305 (ए) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना को अंजाम देने करने वाले अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर संदिग्धों की तलास पतासाजी की



गई जो संदिग्ध सुनील उर्फ बादशाह शिववंशी एवं परवीन उर्फ रवि मरकाम दिनांक 26/12/2025 को रेलवे स्टेशन के पास रात्रि में घूमते फिरते एवं सिवनी शहर में मिले जिसने कड़ाई से पूछताछ करने पर दिनांक 25/12/2025 को शंकर मढिया मंदिर में एवं शंकर मढिया के पास स्थित अंडे की दुकान में चोरी करना बताये जिसके पास से चोरी में प्रयुक्त लोहे की राड़ एवं कटर एवं उक्त स्थानों में चोरी की राशि 9500 रुपये विधिवत जप्त करने उपरांत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सिवनी भेजा गया है। पूछताछ में चोरों द्वारा बुधवारी शराब दुकान में चोरी करने की तैयारी की करने की बात बतायी थी। पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड - आरोपी सुनील उर्फ बादशाह पिता देवराव शिववंशी जाति कतिया निवासी शाहपुर थाना वरूढ जिला अमरावती महाराष्ट्र के विरूध्द महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश में चोरी एवं नकबजनी के 09 प्रकरण एवं मारपीट के 02, आत्महत्या का प्रयास का 01 प्रकरण एवं मु.पो.का के 02 प्रकरण पंजीबध्द है। परवीन उर्फ रवि पिता फूलचंद मरकाम निवासी चाटवा थाना पांढुर्ना के विरूध्द महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश में 05 चोरी एवं नकबजनी एवं 01 मारपीट का प्रकरण पंजीबध्द है।

इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि जयशंकर उइके, सउनि दिनेश रघुवंशी, सउनि जसवंत ठाकुर, प्र.आर. मनोज पाल, चन्द्रप्रकाश अडमें, पंकज सोलंकी, मिथलेश उइके की विशेष भूमिका रहीं हैं।

# धनौरा में ब्लॉक स्तरीय रविदास समाज संगठन की बैठक हुई संपन्न

**धनौरा।** ब्लॉक स्तरीय रविदास समाज संगठन की बैठक आदिवासी भवन धनौरा में संपन्न हुई, इस बैठक में रविदास आज संगठन के जिला अध्यक्ष जुगलकिशोर नंदौरे के साथ जिले के अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए इस बैठक में सर्व प्रथम संत शिरोमणि रविदास जी महाराज ओर संविधान निर्माता डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की तिलक वंदन किया गया गया जिसके पश्चात धनौरा ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

जिसमें धनौरा ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष ग्राम नाई पिपरिया निवासी एडवोकेट मदन अहिरवार को बनाया गया ब्लॉक उपाध्यक्ष धनोरा निवासी मनोज बकौड़े को बनाया गया सचिव गनेरी निवासी नरेश वेदी को बनाया गया। कोषाध्यक्ष सुनवारा



निवासी कोमल अहिरवार को बनाया गया सहसचिव सलेमा निवासी किशनलाल अहिरवार को बनाया गया ब्लॉक संगठन मंत्री आमानाला से भरतलाल अहिरवार, मल्हनवाड़ा से अनारीलाल अहिरवार, सलेमा से राजेश अहिरवार, धनोरा से देवचन्द बकौड़े, खापा से माखन बकौड़े, गनेरी से अयोध्या बघेला, को बनाया गया मीडिया प्रभारी धनोरा से पवन कुमार अहिरवार, बलजीत बकौड़े, को बनाया गया संरक्षक खापा से शुक्कुलाल बकौड़े, धनोरा से खेमचंद बकौड़े, धनीराम अहिरवार, गनेरी से प्रकाश चौरे, सदस्य धनोरा से बसंत बकौड़े, गिरानी लाल बकौड़े, खापा से नन्दन बकौड़े, गनेरी से सुरेश वेदी, आमानाला से प्रहलाद अहिरवार, सुनवारा से ब्रजमोहन अहिरवार, पिंडराबोडी से संतोष बकौड़े, मल्हनवाड़ा से गजेन्द्र कासिया, सलेमा से शरीफ अहिरवार, नोनिया से सुनील अहिरवार, सालीवाड़ा से शंभुदयाल अहिरवार, मंगवानी से गोविंद अहिरवार, खमरिया से शुक्कुलाल बकौड़े को बनाया गया इस बैठक में जिला के पदाधिकारियों के साथ साथ धनोरा ब्लॉक के भी सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरस्त करने रोगी कल्याण समिति की बैठक सम्पन्न

**घंसौर** - तहसील मुख्यालय घंसौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 28 दिसंबर को रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में घंसौर के स्थानीय लोग भी बैठक में पहुंचे जहां भारी हंगामा देखने को मिला। यह बैठक विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा और जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपाल ठाकुर की मौजूदगी में रखी गई जहां विधायक योगेन्द्र सिंह ने सीएमएचओ से कहा कि अस्पताल में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करा व्यवस्थाएं तत्काल सुधारी जायें उन्होंने कहा कि आगामी माह में एक प्रतिनिधि मंडल भोपाल में मुख्यमंत्री से मिलकर सिविल अस्पताल की मांग रखेगा साथ ही उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि आगामी मार्च माह के बजट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल में अपग्रेड करने में सफलता



मिल सकती है सभी स्तर पर सामूहिक प्रयास किया जायेगा।

बैठक में मौजूद सीएमएचओ ने कहा कि हाल की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जो मेरे अधिकार क्षेत्र में है अस्पताल में सुधार करूंगा उन्होंने सप्ताह में एक बार विशेषज्ञ चिकित्सक की सेवाएं उपलब्ध कराने, एक अतिरिक्त 108 वाहन की मांग कर व्यवस्था दुरुस्त करने के अलावा कहा कि जिले में घंसौर मेरी पहली प्राथमिकता होगी नये डाक्टर सबसे पहले घंसौर में पदस्थ किये जायेंगे मेडीसन, गायनिक, शिशु रोग विशेषज्ञ जो भी राज्य शासन द्वारा जो भी उपलब्ध कराया जाएगा घंसौर में पदस्थ करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

बैठक में मौजूद लखनादौन विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा, सीएमएचओ, एसडीएम, जनपद अध्यक्ष श्रीमति सरिता उइके, उपाध्यक्ष राजेन्द्र नामदेव, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी उइके जनपद सदस्य श्रीमती संगीता भलावी , दीपक अग्रवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमति चित्रलेखा नेताम, जनपद सदस्य मनीराम ककोडिया, श्रीमति गीता बकोड़े, देवेन्द्र जैन, सोसाइटी अध्यक्ष सुभाष यादव, अकलेश जैन (बंटी) पंडित अशोक मिश्रा विनोद कुमार जैनसंजय पटेल युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संकल्प दीक्षित शुभम सोनी भारत यादव, , कोक लाल यादव सहित बद्री यादव, रामकृष्ण यादव आशीष जैन (विक्की) रंजीत सिंह चौहान मनोज श्रीवास्तव राजेश यादव, मुकेश तिवारी पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष घंसौर मनोज यादव आज का युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष घंसौर- आदित्य तिवारी सरपंच खमरिया राम सिंह कुलस्ते, सरपंच, शिलचंद उइके संतोष बर्मन,अन्य गणमान्य लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर की व्यवस्थाओं में सुधार के साथ ही इसे सिविल अस्पताल के रूप में अपग्रेड करने की बात रखी।

# पर्यटन क्षेत्र नगर वन कांचना में प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मध्यप्रदेश शासन वन विभाग द्वारा आयोजित अनुभूति कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत द.सिवनी वनमंडल के वन परिक्षेत्र बरघाट अंतर्गत धारना वृत्त के नांदी बीट के ईको पर्यटन क्षेत्र नगर वन कांचना में दिनांक 27.12.2025 को प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे शाह.हाई स्कूल कल्याणपुर, नांदी एवं सालई के स्कूली छात्र,छात्राओ को अनूभूति कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना तथा संरक्षण में उनकी सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम द/सिवनी वनमंडल के वनमंडालाधिकारी गौरव मिश्र के दिशा निर्देशन



मे केवलारी उपवनमंडलाधिकारी डां.आर के .गुरुदेव स्थानीय जनप्रतिनिधि रामानंद गौतम, उमा चौहान ,रवि कटरे ,स्कूली शालाओ के शिक्षक,शिक्षिकाओ की उपस्थिति में बच्चों को संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। नई थीम हम हैं धरती के दूत के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया, शासकीय हाईस्कूल कल्याणपुर, शास.हाईस्कूल नांदी,माध्यमिक विद्यालय, साल्हे के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को अनुभूति किट प्रदान की गई ,मास्टर ट्रेनर द्वय श्रीमती अनुराधा राजपूत एवं रोहित शुक्ला द्वारा पक्षी एवं वन्यप्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण, वानिकी गतिविधियाँ, फूड चेन की जानकारी और सर्पो की जानकारी,वन विभाग का पदीय संरचना क्रम ,ईको कैम्प मे होने वाले गेम इत्यादि गतिविधिया से छात्र-छात्राओ को अवगत कराया गया साथ ही बच्चो को ये भी समझाईश दी गई वन ,वन्यजीव और पर्यावरण के प्रति जागरुक और संवेदनशील रहे साथ ही समाज मे भी धरती के दूत बनकर लोगो को जागरुक करें,कार्यक्रम मे वन परिक्षेत्र बरघाट के रेंज आफिसर श्री पीयूष गौतम,डिप्टी रेंजर एम.नाजिम खान,कृष्ण कुमार चौरसिया, राजेश बेलवंशी नरेश श्रीवास्तव, हेमचंद्र इनवाती वनरक्षक अरविंद सर्राटी,तामसिह बघेल,पवन मर्सकोले,भानू राठौर प्रियांशु गढपायले महिला कर्मचारी श्रीमती देवकी नाग,गायत्री उइके,सुनीता उइके,मेघा यादव ,शशिकला उइके,की उपस्थिती रही

# लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष पेंशन शिविर का आयोजन 31 दिसम्बर तक

जिला पेंशन अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि माह दिसम्बर 2025 में लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष पेंशन शिविर का आयोजन दिनांक 29 दिसम्बर 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक जिला पेंशन कार्यालय सिवनी में आयोजित किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

शिविर में दिनांक 30 नवम्बर 2025 तक सेवानिवृत्त एवं मृत शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। संबंधित कार्यालयों को निर्देशित किया गया है कि उनके यहां लंबित सभी पेंशन प्रकरण, संलग्न सूची के अनुसार, शिविर अवधि में अनिवार्य रूप से जिला पेंशन कार्यालय में जमा कराए जाएं, साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित कार्यालयों के प्रभारी लिपिक शिविर अवधि में जिला पेंशन कार्यालय में उपस्थित रहकर कार्य करें। उन्होंने शिविर अवधि में यदि किसी कार्यालय द्वारा लंबित पेंशन प्रकरण प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो संबंधित कार्यालय प्रमुख एवं संबंधित लिपिक का माह दिसम्बर 2025 का वेतन रोके जाने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## नूतन वर्ष में एक जनवरी से 7 दिवसीय शिव महापुराण का होगा आयोजन

**वारासिवनी।** नया वर्ष 2026 प्रारंभ होने के साथ ही नगर में धर्म की ज्ञान गंगा का प्रवाह प्रारंभ हो जायेगा। नगर की श्री सकल समाज महिला मंडल वारासिवनी के तत्वावधान में एक जनवरी 26 से लेकर 7 जनवरी 26 तक श्री शिव महापुराण यज्ञ सप्ताह संगीतमय कथा का शुभारंभ होगा। जिसमें नगर के बड़ा श्रीराम मंदिर प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक भागवत कथा मर्मज्ञ विद्धत प्रवर पूज्य गुरुदेव डॉ. राम कृपाल त्रिपाठी श्रीधाम वृंदावन द्वारा ज्ञानपीठ पर विराजित होकर अपनी रसमयी ललित अमृत वाणी द्वारा सभी भक्तों को जीवन उद्धारक कथा का अमृत रसपान करायेगे।

**बड़ा श्रीराम मंदिर में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से होगी कथा**

इस आशय की जानकारी देते हुए श्री सकलसमाज महिला मंडल वारासिवनी की सदस्य श्रीमती पूनम झा ने बताया कि नूतन वर्ष एक जनवरी 26 को गोलीबार चौक सराफा बाजार स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर से सुबह 11 बजे विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली जायेगी। यह शोभा यात्रा नगर भ्रमण कर कथा स्थल बड़ा श्रीराम मंदिर प्रांगण में पहुँचेगी। जहॉ पर प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ होगा।

**प्रतिदिन सुबह 9 बजे होगा पार्थिव रुद्री निर्माण व रुद्राभिषेक**

उन्होंने बताया कि इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिदिन सुबह 9 बजे से पार्थिव रुद्री का निर्माण एवं रुद्राभिषेक किया जायेगा। वहीं 7 जनवरी को कथा समापन के बाद पूर्ण आहुति एवं प्रसाद का वितरण किया जायेगा। उन्होंने नगर व क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वह 1 जनवरी 26 को निकलने वाली भव्य कलश शोभा यात्रा एवं प्रतिदिन होने वाले पार्थिव रुद्र निर्माण, रुद्राभिषेक व कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ उठावे।

## 3 दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ



**लांजी।** ग्राम पंचायत बिसोनी अंतर्गत ग्राम चिचटोला में 3 दिवसीय ओपन कबड्डी टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ ग्राम के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता के प्रथम दिन पुनाभर्री और खोलमारा की टीम के बीच मैच संपन्न हुआ जिसमें खोलमारा की टीम ने 18 प्वाईंट से मैच जीतकर प्रतियोगिता में आगाज किया। उल्लेखनीय है की ग्राम पंचायत बिसोनी केग्राम चिचटोला में रूद्दी मामा चौक मंडई मेला समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी तीन दिवसीय ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में होगी और 29 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक मरार माली समाज भवन प्रांगण (बालाघाट रोड, चिचटोला) में संपन्न होगी। प्रतियोगिता में क्षेत्रीय टीमों के साथ-साथ आसपास के जिलों की टीमें भी भाग लेंगी। आयोजन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शुरू होगा। समिति द्वारा दर्शकों, खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। समिति द्वारा प्रतियोगिता में आकर्षक इनाम भी रखा गया है जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 11,001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपये तथा महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 11,001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपये प्रदान किया जाएगा।

### ग्राम देवगांव में विधायक की उपस्थिति में ग्राम के वरिष्ठजनों ने किया भूमिपूजन

# ग्राम में हो रहे विकास कार्य, तो कुछ लोगों को हो रही तकलीफ - विवेक पटेल





**वारासिवनी।** जब भी मैने चुनाव लड़ा, आपके आशीर्वाद से मुझे सर्वाधिक मत प्राप्त हुये। मुझे आप सभी का आशीर्वाद सदैव प्राप्त हुआ। जिससे मै आपके प्रति कृतज्ञ हूं। अब मेरी बारी है कि मै अपने गांव व विधानसभा क्षेत्र का विकास कार्य करूं। इसी के तहत मै विकास कार्यो को करवा रहा हूँ।

उक्ताशय के विचार वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्राम देवगांव में 7 लाख रूपये की लागत से विकास कार्यो के भूमिपूजन के दौरान ग्रामीणों को संबोंधित करते हुए व्यक्त किये। ग्राम में सौगात देने के लिए ग्रामीणों ने ग्राम में पहुंचते ही विधायक विवेक विक्की पटेल का स्वागत किया। तत्पश्चात विधायक की उपस्थिति में ग्राम के वरिष्ठजनों के हस्ते भूमिपूजन का कार्य सम्पन्न किया गया।

**क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से हो रहे विकास कार्य-विवेक पटेल**

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि विकास को लेकर मै लगातार प्रयासरत हूँ। दलगल राजनीति से ऊपर उठकर मैं सत्ता पक्ष के मंत्री व मुख्यमंत्री से संपर्क कर विकास कार्यो को स्वीकृत करवा रहा हूँ। हाल ही में पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक भवनों की सौगात दी है। बजट में विविध सडक़ों को स्वीकृत किया गया है। क्षेत्र की जनता ने मुझे जनप्रतिनिधि बनाया हैं, मै खुद अपने आप को विधायक नहीं मानता। क्योंकि मैं जो कुछ भी हूँ, तो वह आपके बदौलत हूँ। जनता मेरे लिये सर्वोपरि है। आपके विश्वास को इसी तरह से बनाये रखना चाहता हूँ। मै ग्राम के वरिष्ठजनों के साथ बैठकर ही ग्राम में क्या काम करवाना है, उन्हीं से विकास कार्यो को लेकर चर्चा करता हूँ। कुछ लोगों को ग्राम में जो काम होते हैं, उससे तकलीफ होती है। वे लोग चाहते है कि विधायक कुछ काम मत करे, सिर्फ अपने घर में बैठे रहे। आप लोग देख रहे है कि लाखों रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन आप सभी के सानिध्य में हो रहा है। यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

इस दौरान डोंगरमाली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह जीतू राजपूत, सुनील राणा, जैसराज पारधी, सरपंच राजकुमार कावरे, हर्षित बिसेन, राजा अली, दिलीप बिसेन, गुड्डा पंचेश्वर, अनिल पिपरेवार, विवेक जुझार, तेजसिंह बिसेन सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## जीवन बदलने का मार्ग बनी सुदर्शन क्रिया

### तनावमुक्त, स्वस्थ और संतुलित जीवन की ओर एक सशक्त कदम



**बालाघाट।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा बालाघाट जिले में नागरिकों को तनावमुक्त, स्वस्थ एवं आनंदमय जीवन की दिशा में प्रेरित करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 25 दिसंबर से 28 दिसंबर तक स्थानीय हरी मंगलम लॉन, बालाघाट में हैप्पीनेस शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसका समापन 28 दिसंबर को हुआ।वहीं पुनः प्रतिभागियों की मांग पर 01 से 04 जनवरी तक नववर्ष विशेष हैप्पीनेस शिविर सुबह 07 से 10 बजे तक स्थानीय हॉल में किया जाएगा ।

यह शिविर अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक आशीष पटेल जी के सान्निध्य में संपन्न हुआ, जिसमें योग, ध्यान, प्राणायाम, आसन एवं सुदर्शन क्रिया का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित प्रशिक्षण के साथ व्यवहारिक ज्ञान चर्चा की गई ।शिविर के दौरान प्रशिक्षकों ने बताया कि आज के भागदौड़ भरे जीवन में बढ़ता मानसिक तनाव अनेक शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों का कारण बन रहा है। ऐसे में सुदर्शन क्रिया और ध्यान व्यक्ति को न केवल मानसिक शांति प्रदान करते हैं, बल्कि शारीरिक रूप से भी सशक्त बनाते हैं।

उन्होंने बताया कि योग और ध्यान के नियमित अभ्यास से ब्लड प्रेशर, हाई ब्लड प्रेशर एवं शुगर जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को नियंत्रित करने में विशेष सहायता मिलती है। साथ ही थायरॉइड, हार्मोनल इम्बैलेंस जैसी समस्याओं में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिलता है।

प्रशिक्षकों ने कहा कि विभिन्न वैज्ञानिक शोधों में यह तथ्य सामने आया है कि योग, प्राणायाम और ध्यान से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे अनेक बीमारियों से लड़ने की शक्ति प्राप्त होती है। योग और ध्यान से शरीर एवं मन के बीच संतुलन स्थापित होता है, जिससे व्यक्ति संपूर्ण स्वास्थ्य की ओर अग्रसर होता है।

शिविर में भाग लेने वाले साधकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि नियमित साधना से उनके जीवन में मानसिक शांति, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं संतुलन का विकास हुआ है।

**साधकों की मांग पर पुनः होगा हैप्पीनेस कोर्स**

शिविर में भाग लेने वाले साधकों की विशेष मांग पर आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा पुनः 1 जनवरी से 4 जनवरी तक हैप्पीनेस कोर्स का आयोजन किया जा रहा है।इस कोर्स में भी सुदर्शन क्रिया, योग, ध्यान एवं जीवन प्रबंधन की प्रभावी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने अधिक से अधिक नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

**आयोजन में इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान**

शिविर के सफल आयोजन में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक विकास सोनेकर,सुशीला बोरीकर,पुष्करण सिंह,ऋतु मोहारे,सुरजीत सिंह ठाकुर, डॉ. हेमंत रहांगडाले तथा स्वयंसेवक करण बिसेन, जीवेश वैश्य, मानक नागेश्वर, रामविलास म्हात्रे, नलिन बिसेन, हरीश मसकोले,थिबलिस माखीजा,देवेन्द्र बिसेन सहित अन्य आर्ट ऑफ लिविंग स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा।

## टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा



**बालाघाट।** 29 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ तत्परता से निराकरण किया जाए। कोई भी शिकायत एल-1 स्तर के अधिकारी द्वारा नाट-अटेंडेंट नही पायी जाना चाहिए। यदि ऐसा पाया जाएगा तो संबंधित अधिकारी का वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा की दौरान जो शिकायते एल-1 स्तर के अधिकारी द्वारा नाट-अटेंडेंट पायी गई उनका 01 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए। बैठक में जिला रोजगार अधिकारी को निर्देशित किया गया कि रोस्टर बनाकर 15 दिनों के भीतर जिले की सभी जनपद पंचायतों में रोजगार मेलो का आयोजन करें।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया गया कि वे शालाओं का सतत निरीक्षण करें और शिक्षकों की ई-अटेंडेंस पर कड़ी निगरानी रखे। इस दौरान लोकेशन चेंज कर ई-अटेंडेंस लगाने वाले शिक्षको की जानकारी एकत्र करने के निर्देश दिये गए और कहा गया कि शाला की लोकेशन से अटेंडेंस नही लगाने वाले शिक्षको का वेतन काटा जाए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि नलजल योजनाओं के शेष कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करें। शासकीय सेवको के लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि न्यायालयीन प्रकरणों को छोड़कर शेष प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करें। सम्बंधित विभाग के अधिकारी भी इस बात का ध्यान रखे कि सेवानिवृत्त शासकीय सेवक का पेंशन प्रकरण अनावश्यक लंबित न रहे।

## राशन वितरण में अनियमितता पर कार्यवाही

**बालाघाट।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत अनाज परिवहन में अनियमितता के मामले में प्रशासन ने कड़ी कार्यवाही की है। विकासखंड बैहर अंतर्गत मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना के तहत कार्यरत परिवहनकर्ता ग्राम लपटी-गढ़ी निवासी दीपक कुशरे द्वारा निर्धारित सेक्टर बिठली के ग्रामों में खाद्यान्न का समुचित परिवहन नहीं करने तथा झूठा शपथ पत्र देकर वितरण व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने के कारण बैहर के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव द्वारा उसके खिलाफ बैहर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना के तहत बिठली सेक्टर के ग्रामों में खाद्यान्न नहीं मिलने की शिकायत प्राप्त होने पर बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता ने कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बैहर आकाश श्रीवास्तव को इसकी जांच करने के निर्देश दिये थे। जांच में तथ्य सामने आया कि परिवहनकर्ता द्वारा शपथ-पत्र प्रस्तुत करने के बावजूद निर्धारित दायित्वों का पालन नहीं किया गया। परिवहनकर्त्ता दीपक कुशरे द्वारा निर्धारित सेक्टर बिठली के ग्रामों में प्रतिमाह खाद्यान्न का परिवहन नहीं किया गया। जिसके कारण इस सेक्टर के ग्रामों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का शासकीय कार्य प्रभावित हुआ और उपभोक्ताओं को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध नहीं हो सका।

## अनक्लेम्ड एसेट्स कैम्पेन का आयोजन

**4.71 करोड़ रुपये के दावों के निपटान पर जोर**

**बालाघाट।** वित्त मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार अनक्लेम्ड एसेट्स कैम्पेन का आयोजन सोमवार को कलेक्टोरेट सभागार, बालाघाट में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लंबे समय से निष्क्रिय एवं बिना दावे वाले बैंक खातों की राशि को उनके वास्तविक हकदारों तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सर्राफ रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट श्री जी. एस. धुर्वे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने की।इस अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, यूको बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) एवं भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। अधिकारियों द्वारा डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड (DEAF) से संबंधित खातों के दावों की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई तथा आम नागरिकों को अपने निष्क्रिय खातों की जांच कर क्लेम करने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि जिले में कुल 2762 ऐसे खाते चिन्हित किए गए हैं, जिनमें लगभग 4.71 करोड़ रुपये की राशि दावा रहित है। इन राशियों के शीघ्र निपटान के उद्देश्य से यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अंत में सभी विभागों, बैंकों एवं संस्थाओं से अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने, प्रचार-प्रसार करने तथा पात्र नागरिकों को लाभ दिलाने में सहयोग की अपील की गई।

## माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट की छात्राओं ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर रचा सफलता का इतिहास



**बालाघाट।** माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, बालाघाट में अध्ययनरत छात्राओं ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल संस्था बल्कि जिले का नाम भी रोशन किया है। इन प्रतिभाशाली छात्राओं को वीर बाल दिवस के अवसर पर जिला महिला एवं बाल विकास विभाग, बालाघाट द्वारा सम्मानित किया गया।राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट की छात्राओ ने जिले का नाम रौशन किया है। इस विद्यालय की कक्षा 8वीं की छात्रा प्राची टेकाम ने राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता रांची झारखंड में, कक्षा 10वीं की छात्रा आयशा मरावी व मोनिका मरकाम ने राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता बरेली (उ.प्र.) में तथा कक्षा 11वीं की छात्रा अर्चना धुर्वे ने एथलेटिक्स की राष्ट्रीय प्रतियोगिता भिवानी हरियाणा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है।

इस विद्यालय की 08 छात्राओं ने इटारसी एवं खंडवा में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्राऍ कक्षा 8वीं की प्रतीक्षा धुर्वे, स्वाति वायाम, वसुंधरा धुर्वे व एंजल उइके ने इटारसी में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में विजेता टीम का हिस्सा रहीं है। इसी प्रकार विद्यालय की कक्षा 11वीं की छात्राऍ माधुरी मेरावी, नेहा नेताम, पूजा मरकाम और आंचल पंद्रे खंडवा में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में उपविजेता टीम का हिस्सा रही है।

उल्लेखनीय है कि अनूसुचित जनजातीय वर्ग की ये छात्राएं जिले के विभिन्न दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आकर माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, बालाघाट में अध्ययनरत हैं। विद्यालय के प्राचार्य श्री पीके अंगुरे एवं पीटीआई श्री कमलकिशोर तेलासे के मार्गदर्शन में छात्राओं ने विभिन्न स्तरों की खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट श्रीमती शकुंतला डामोर व वन स्टाप सेंटर प्रशासक सुश्री रचना चौधरी द्वारा विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है।

## नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीनों को पट्टा वितरण के लिए सक्षम समितियों का किया गया गठन

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल तथा राजस्व विभाग के निर्देशानुसार जिले के नगरीय क्षेत्रों में निवासरत भूमिहीन व्यक्तियों को पट्टा वितरण की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सक्षम समितियों का गठन किया गया है।संयुक्त कलेक्टर एवं जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी श्री राहुल नायक ने बताया कि यह समितियां जिला मुख्यालय बालाघाट तथा जिला मुख्यालय के अतिरिक्त अन्य नगरीय क्षेत्रों के लिए पृथक-पृथक गठित की गई हैं। जिला मुख्यालय स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में 05 सदस्यीय समिति गठित की गई है। इस समिति में पुलिस अधीक्षक बालाघाट, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालाघाट, नगर एवं ग्राम निवेश संचालनालय के स्थानीय अधिकारी तथा जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल हैं।इसी प्रकार जिला मुख्यालय के अतिरिक्त अन्य नगरीय क्षेत्रों के लिए संबंधित राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इस समिति में संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संबंधित उपखंड अधिकारी (पुलिस), नगर एवं ग्राम निवेश संचालनालय के स्थानीय अधिकारी, शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी एवं संबंधित नगर पालिका परिषद अथवा नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सदस्य होंगे।

जिला मुख्यालय के अतिरिक्त अन्य नगरीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण सूची को अंतिम रूप देने के लिए गठित समिति द्वारा अनुमोदित सूची कलेक्टर द्वारा अभिप्रमाणित कराई जाएगी। अंतिम सर्वेक्षण सूची आगामी 05 जनवरी को प्रकाशित की जाएगी, जिसे जिला कार्यालय के सूचना पटल तथा संबंधित विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। प्रशासन द्वारा यह पहल नगरीय क्षेत्रों के वास्तविक भूमिहीन परिवारों को आवासीय सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## लालबर्रा महाविद्यालय का कॉलेज चलो अभियान के तहत संपर्क कार्यक्रम आयोजित

**बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत सतत संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह अभियान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. श्री सुमन बरवा के मार्गदर्शन एवं डॉ. देवराज चैरे के संयोजन में संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 29 दिसंबर को सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल, गर्रा (मांझापुर) में संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संगीता मेश्राम, सहायक प्राध्यापक द्वारा हायर सेकेंडरी स्तर के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से संवाद स्थापित किया गया।इस अवसर पर कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया, महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं भौतिक सुविधाओं तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत लागू नवीन प्रावधानों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बहुविषयक शिक्षा प्रणाली, क्रेडिट बैंक, कौशल आधारित पाठ्यक्रम, विषय चयन प्रक्रिया आदि से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान कैरियर काउंसलिंग करते हुए विद्यार्थियों को विभिन्न कैरियर अवसरों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, नैतिक शिक्षा, उच्च शिक्षा के विकल्प, रोजगार संभावनाओं एवं कौशल आधारित शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं, प्रोत्साहन योजनाओं, निःशुल्क सहायता योजनाओं, मध्यप्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं महाविद्यालयीन सुविधाओं से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। कॉलेज चलो अभियान के इस कार्यक्रम में संबंधित विद्यालय की प्राचार्य सुश्री पूर्णिमा देशमुख का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।